उत्तराखंड में दून ड्रोन मेले का शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

8 अक्टूबर, 2021 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और नागरिक उड्डयन राज्यमंत्री जनरल (सेवानिवृत्त) डॉ. वी.के. सिंह ने देहरादून में **'दून ड्रोन मेला 2021'** का शुभारंभ किया।

प्रमुख बिंदु

- इस दौरान **ड्रोन और एयरोस्पोर्ट्स प्रदर्शन** किये गए। इनमें सीमा सुरक्षा बल द्वार पैराग्लाइडिंग प्रदर्शन, हर्ष सचान द्वारा पैरामोटर प्रदर्शन और आईओटेकवर्ल्ड एविएशन और दक्ष द्वारा एक कृषि छिड़काव संबंधी ड्रोन प्रदर्शन शामिल थे।
- इसके अलावा इस कार्यक्रम में ड्रोन एप्लिकेशन एंड रिसर्च सेंटर (डीएआरसी) और राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) द्वारा स्वदेशी रूप से 3 डी-प्रिंटेड ड्रोन के साथ एक आपातकालीन खोज और प्रतिक्रिया ड्रोन प्रदर्शन भी शामिल था।
- इसके बाद स्वामित्व योजना के तहत आरव अनमैंड सिस्टम (एयूएस) द्वारा एक संक्षिप्त सर्वेक्षण ड्रोन प्रदर्शन के साथ-साथ स्क्वाड्रन लीडर वर्षा कुकरेती (सेवानिवृत्त) द्वारा एक प्रशिक्षण ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/doon-drone-fair